1823/29-06-2021

दिनांक–25.06.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में भू–नक्शा सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु एन0आई0सी0 एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक की कार्यवाही :–

विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत तैयार किए गए भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए दिनांक–25.06.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में निदेशालय के आई0टी0 सेल द्वारा एन0आई0सी0 एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के समक्ष भू–नक्शा सॉफ्टवेयर को प्रदर्शित कर इसमें विभिन्न स्तरों में आ रही कठिनाइयों को उपस्थापित किया गया जो इस प्रकार हैं :–

बैठक में सर्वप्रथम आई0टी0 सेल द्वारा भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में निम्नांकित कठिनाईयों के संबंध में एन0आई0सी0 के तकनीकी निदेशक को श्री संजय कुमार को अवगत कराया गया:–

1. बिहार राज्य को मुख्यतः 5 Login दी गई है। 3 Login (USER ID & Password) Agency कि लिए है और 2 Login (USER ID & Password) Directorate of Land Records & Survey, Gov. of Bihar को दिल्ली एन0आई0सी0 द्वारा साझा की गई है वर्त्तमान में BhuUser2 - User ID को Delete करने की आवश्यकता है एवं BhuUser1 में केवल सभी प्रकार के रिर्पोट देखने की एवं Excel और PDF में Report डाउनलोड करने की सुविधा हो।

2. Login करने के कुछ समय बाद ही Logout हो जाता है। इन्ट्री के समय नेटवर्क Slow की स्थिति में पूर्व निर्धारित समय में इन्ट्री का कार्य नहीं हो पाता है। अतः Session Time को बढ़ाकर 40 मिनट किए जाने की आवश्यकता है।

3. Report format को जॉच कर सुधार करने की आवश्यकता है। वर्त्तमान Report में बहुत से ऐसे Parameter Report में हैं, जिनका Data Source क्या है, यह स्पष्ट नहीं है। अतः आवश्यक है कि सभी Parameter के अनुरूप ही Report Data Generate हो। साथ ही सभी रिर्पोट में जिला, अंचल एवं मौजा (RT No. के साथ) रहना अनिवार्य है।

4. LPM format में कुछ आवश्यक बदलाव वर्त्तमान Special Survey के अनुरूप होना चाहिए। अतः LPM प्रारूप में बदलाव कर दिया गया है जिसे सॉफ्टवेयर में भी अपडेट करने की आवश्यकता है। कापी संलग्न है।

5. Home Page में एक नए पेज को संलग्न करना है, जहाँ से भू–नक्शा के Landing Page में Navigation किया जा सके। होम पेज में जिला को चुनने का विकल्प देना अनिवार्य है। दिए गए लिस्ट से जिले को चुनने के पश्चात् ही "Self Generate LPM" बटन पर Click किए जाने के बाद लैंडिंग पेज में Navigate किया जाना संभव होगा।

6. "MAP Report" बटन का नाम बदलकर "LPM Report" किया जाना है एवं RoR Report को Delete किया जाना है।

7. "Show Report PDF" का नाम बदलकर "Print as PDF" किया जाना है।

8. "164.00.130.143:8080/भू–नक्शा" के वर्त्तमान URL को हटाकर Dedicated URL Assign किया जाना आवश्यक है।

9. भू–नक्शा में सारी जानकारी इन्ट्री करने के बाद Plot Select करने पर Report बटन (MAP Report & RoR Report) कभी आता है कभी नहीं आता।

10. Reports के प्रारूपों में "Unimported Village list" का रिपोर्ट कार्य नहीं कर रहा है। इसमें सुधार कर कार्यकारी बनाई जाए।

11. कभी–कभी Generated LPM में रैयत का नाम पूरा नहीं आता। Technically रैयत के नाम के height को बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही Generated LPM में अन्य जानकारी की भी Proper Space देने की आवश्यकता है ताकि सभी जानकारी साफ–साफ दिख सके।

12. जब "Show Report PDF" पर Click करते है तो New Tab पर Navigation होता है, जहाँ प्रिंट एवं Save का Option आता है। यह सिर्फ आधे Screen को Cover करता है एवं आधा Screen Blank रहता है, जिसे Full Screen Cover करने की आवश्यकता है।

उपर्युक्त कठिनाइयों के संबंध में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा भी संधारित की जाने वाली प्रविष्टियों के संधारण में आ रही कठिनाइयों को बताया गया।

भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन संबंधी उक्त कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में एन0आई0सी0 के तकनीकी निदेशक द्वारा बताया गया कि प्रत्येक कठिनाई के बारे में स्पष्ट करते हुए आई0टी0 सेल के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर यथा संभव राज्य स्तर पर अथवा दिल्ली एन0आई0सी0 से संपर्क कर सॉफ्टवेयर की सभी कठिनाइयों को दूर कर दिया जाएगा।

निदेश दिया गया कि पत्र के माध्यम से उक्त सभी कठिनाइयों से एन0आई0सी को तुरंत अवगत करा दिया जाए। एन0आई0सी से अनुरोध किया गया कि यथाशीघ्र सभी सॉफ्टवेयर संबंधी कठिनाइयों को दूर कर दिया जाए।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(जय सिंह) 9/8/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019............1823.................. **पटना, दिनांक** 29-06-2021

प्रतिलिपिः– श्री संजय कुमार, तकनीकी निदेशक, NIC, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019............1823.................. **पटना, दिनांक** 29-06-2021

प्रतिलिपि :– सभी जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019............1823.................. **पटना, दिनांक** :–29-06-2021

प्रतिलिपिः– जी0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 29/8/21

D:\Sanjeev 2021\Birendra kumar, ASO\Proceeding\Proceeding_25-06-2021 Edited.docx